सेवा में,

पंजीकृत

मा० मुख्यमन्त्री महोदय,
उत्तर प्रदेश शासन,
लोक भवन, 6, कालिदास मार्ग,
लखनऊ (उ०प्र०), (पिनकोड–226001)।

विषयः– **पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के निदेशक (वित्त), श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर द्वारा अपने अनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अपने सम्मानित पद का दुरूपयोग करते हुऐ प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक का मानसिक उत्पीड़न, शोषण करने एवं लगातार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की धमकियाँ दिलवाये जाने की शिकायत के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

सादर संज्ञानित कराना है कि प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक की कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ की कार्यावधि (दिनांक 11.07.2024 से 21.06.2025 तक) के दौरान पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के निदेशक (वित्त), श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर द्वारा घनिष्ठता के प्रभाव में कुछ किराये पर वाहन उपलब्ध कराने वाले ठेकेदारों (यथा मै० खुशबू ट्रैवल्स इत्यादि) को निविदाओं में अनुचित लाभ पहुँचाने की मंशा एवं अपने अन्य अनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अपने सम्मानित पद का दुरूपयोग करते हुऐ दिनांक 02.04.2025 को प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर मनगढ़ंत एवं निराधार आरोप लगाते हुऐ उन पर अनावश्क दबाब बनाकर अभद्र व्यवहार किया गया एवं उनके व्यक्तिगत जीवन पर अमर्यादित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुऐ ब्लैकमेल एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया साथ ही उनका विभागीय भविष्य समाप्त करने की धमकी भी दी गयी, जिसके सन्दर्भ में प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग द्वारा मौखिक रूप से एवं अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 03.04.2025 **(संलग्नक–1/कुल पृष्ठ–01)** के माध्यम से अपने तत्काल अधिकारी श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ को उक्त घटना के विषय में विस्तारपूर्वक संज्ञानित कराया गया।

प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग द्वारा उक्त घटनाक्रम के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 03.04.2025 को प्रस्तुत किये गये सन्दर्भित प्रार्थना पत्र संलग्नक–1 के सापेक्ष प्रार्थिनी के पति के तत्काल अधिकारी श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ द्वारा प्रकरण की गम्भीरता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ एवं प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ को दिनांक 03.04.2025 **(संलग्नक–2/कुल पृष्ठ–06)** को सन्दर्भित प्रकरण पर अपनी विस्तृत आख्या प्रेषित की गयी।

सादर अवगत कराना है कि उक्त घटनाक्रम के कारण प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग को अत्यधिक तनाव की स्थिति में व्यथित देखकर न्याय की प्रत्याशा में प्रार्थिनी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025 **(संलग्नक–3/कुल पृष्ठ–02)** के माध्यम से श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त) द्वारा किये गये उपरोक्त वर्णित घृणित कृत्य की शिकायत प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ से की गयी, जिसकी प्रति दिनांक 07.04.2025 **(संलग्नक–4/कुल पृष्ठ–04)** को मा० नगर विकास एवं ऊर्जा मन्त्री, श्री ए०के०शर्मा जी द्वारा संचालित तेज पोर्टल पर भी अपलोड करते हुऐ प्रार्थिनी द्वारा न्याय हेतु आवेदन किया गया, जिसकी पंजीकरण संख्या UTT/PG/ENE/04/25/00058351 है। मा० नगर विकास एवं ऊर्जा मन्त्री, श्री ए०के०शर्मा जी द्वारा संचालित तेज पोर्टल पर प्रार्थिनी के उपरोक्त वर्णित प्रार्थना पत्र की प्रति दिनांक 15.04.2025 **(संलग्नक–5/कुल पृष्ठ–03)** को मा० अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ को अग्रसारित की गयी।

सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के उपरोक्त प्रार्थना पत्र प्रेषित करने के उपरान्त प्रार्थिनी के पति को घर से कार्यालय आते–जाते समय एवं प्रार्थिनी को घरेलू कार्य हेतु घर से बाहर आते–जाते समय अक्सर विभिन्न अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोककर प्रार्थिनी द्वारा पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025, संलग्नक–3 को वापिस लिये जाने हेतु निरन्तर अनावश्यक दबाब बनाया जा रहा है एवं शिकायत वापिस न लिये जाने की स्थिति में प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति को जान से मारने की धमकियाँ भी दी जा रहीं हैं, जिसके विषय में प्रार्थिनी द्वारा पूर्व में भी अपने पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के तत्काल अधिकारी श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय,

मेरठ को अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 05.05.2025 **(संलग्नक–6/कुल पृष्ठ–01)** के माध्यम से प्रार्थिनी के पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025, संलग्नक–3 के सापेक्ष न्यायोचित कार्यवाही के क्रम में प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार के शारीरिक/मानसिक सुरक्षोपाय सुनिश्चित किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, मेरठ को अवगत कराने हेतु आवश्यक संज्ञान लेने हेतु अनुरोध किया गया था।

महोदय अत्यन्त विडम्बना का विषय है कि श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के उच्च पद के प्रभाव के कारण प्रार्थिनी के उपरोक्त प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025, संलग्नक–3 को किसी भी तरह से श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त) की स्वेच्छानुसार निस्तारित/लम्बित कराने के उद्देश्य से अधीक्षण अभियन्ता (शिकायत प्रकोष्ठ), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा दिनांक 29.05.2025 **(संलग्नक–7/कुल पृष्ठ–02)** को उक्त शिकायती प्रकरण पर निस्तारण आख्या प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के तत्काल अधिकारी, मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ से ही माँगी गयी, जोकि पूर्णतः औचित्यहीन है, क्यूंकि प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के तत्काल अधिकारी, श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ द्वारा उक्त प्रकरण के सन्दर्भ में पूर्व में ही दिनांक 03.04.2025, संलग्नक–2 के माध्यम से अपनी विस्तृत आख्या निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ एवं प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ को प्रेषित की जा चुकी थी। अतः अधीक्षण अभियन्ता (शिकायत प्रकोष्ठ), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के सन्दर्भित पत्र दिनांक 29.05.2025, संलग्नक–7 के सापेक्ष प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के तत्काल अधिकारी, श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ द्वारा अपने पत्र दिनांक 06.06.2025 **(संलग्नक–8/कुल पृष्ठ–01)** के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता (शिकायत प्रकोष्ठ), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ को प्रश्नगत शिकायती प्रकरण के हाईप्रोफाईल होने के दृष्टिगत इसकी जाँच मुख्यालय/कॉरपोरेशन स्तर से कराये जाने हेतु संज्ञानित कराया गया।

महोदय आपको इसी क्रम में सादर अवगत कराना चाहती हूँ कि इसी दौरान श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा अपने उच्च पद के प्रभाव से षडयन्त्र रचकर स्थानान्तरण नीति–2025 का फायदा उठाते हुऐ विगत कुछ माहों से कुछ अज्ञात लोगों द्वारा प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग को बदनाम करने के उद्देश्य से की जा रहीं उनकी फर्जी/निराधार शिकायतों को आधार बनवाकर प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग का दिनांक 18.06.2025 **(संलग्नक–09/कुल पृष्ठ–01)** को प्रशासनिक आधार पर कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय मेरठ से कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि०), बुलन्दशहर क्षेत्र, बुलन्दशहर हेतु स्थानान्तरण करवा दिया गया, जबकि विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की मंशा से की जाने वाली शिकायतों पर रोक लगाने हेतु प्रबन्ध निदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ के पत्रांक संख्या 30–ज०श० एवं प्र०सु०–01/पाकालि/2020–14–ज०श०/98 (टी०सी०), दिनांक 09.01.2020 **(संलग्नक–10/कुल पृष्ठ–01)** के बिन्दु संख्या–1 में यह व्यवस्था की गयी है कि विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध विशिष्ट व्यक्तियों (मा० सांसद/विधायक इत्यादि) से प्राप्त शिकायती–पत्रों के सम्बन्ध में कार्यवाही आरम्भ करने से पूर्व सम्बन्धित विशिष्ट व्यक्ति को पत्र भेजकर यह पुष्टि करा ली जाये कि पत्र उन्हीं के द्वारा हस्ताक्षरित है और शिकायतों के सम्बन्ध में उनका सन्तोष हो गया है कि शिकायतें तथ्यों पर आधारित हैं एवं बिन्दु संख्या–2 में यह व्यवस्था की गयी है कि विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध अन्य स्रोतों/व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता से इस बारे में एक शपथ–पत्र उपलब्ध कराने तथा शिकायतों की पुष्टि हेतु समुचित साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा जाये और उनके प्राप्त होने के उपरान्त ही आगे कार्यवाही की जाये। निगम के उक्त पत्र दिनांक 09.01.2020, संलग्नक–10 का उल्लेख प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के तत्काल अधिकारी, श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ द्वारा दिनांक 03.04.2025, संलग्नक–2 में निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ एवं प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ को प्रेषित अपनी विस्तृत आख्या में स्पष्ट रूप से किया गया था, परन्तु श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के उपरोक्तानुसार वर्णित षडयन्त्र के कारण श्री यदुनाथ यथार्थ, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ द्वारा पूर्व प्रेषित पत्र दिनांक 03.04.2025, संलग्नक–2 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित तर्कसंगत तथ्यों का किसी भी उच्च स्तर पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया।

महोदय विशेष रूप से सादर संज्ञानित कराना है कि श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा वर्तमान में भी लगातार षडयन्त्र रचते हुऐ अपने सम्मानित पद का दुरूपयोग करते हुऐ प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार को प्रताड़ित करने की कुत्सित मंशा से शासन की स्थानान्तरण नीतियों की धज्जियाँ उड़वाते हुऐ कुटिलतापूर्वक बुलन्दशहर क्षेत्र, बुलन्दशहर के अन्य अधीनस्थ अधिकारियों से भी प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग का बार–बार स्थानान्तरण करवाकर उनके कार्य क्षेत्र/मुख्यालय में बार–बार परिवर्तन **(संलग्नक–11/कुल पृष्ठ–06)** करवाकर लगातार उनका उत्पीड़न किया जा रहा है एवं अज्ञात लोगों द्वारा प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति को जाने से मारने की लगातार धमकियाँ भी दिलवायी जा रहीं हैं। उपरोक्तानुसार वर्णित विभिन्न कारणों से लगातार मानसिक तनाव की स्थिति में रहने के कारण मेरे पति श्री सिद्धार्थ गर्ग का मानसिक रोग चिकित्सक से उपचार **(संलग्नक–12/कुल पृष्ठ–02)** भी चल रहा है।

महोदय प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग द्वारा अपनी अब तक की सेवा अवधि में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली में इंगित नियमों के अनुकूल विभाग द्वारा निर्गत समस्त कार्य आवंटन/स्थानान्तरण सम्बन्धी आदेशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया गया है एवं वर्तमान में भी श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा लगातार उत्पन्न की जा रहीं विषम परिस्थितियों में भी लगातार मानसिक तनाव में रहते हुऐ भी कार्यालय विद्युत वितरण खण्ड–सिकन्द्रबाद, जिला बुलन्दशहर में अपनी पूर्ण क्षमता/दक्षता के अनुरूप विभाग द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। अवगत कराना है कि प्रार्थिनी की सास जोकि काफी वृद्ध हैं एवं प्रार्थिनी के बच्चों की देखभाल करने वाले प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के अतिरिक्त घर में अन्य और कोई भी नहीं है। उपरोक्त विभिन्न कारणों से हमें अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विशेष रूप से संज्ञानित कराना है कि प्रार्थिनी के संज्ञान में आया है कि श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा अपने अनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभाग के अन्य अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों विशेषकर महिला अधिकारियों का भी विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न किया जा रहा है। कुछ दुराचरण सम्बन्धी प्रकरणों में इनके विरूद्ध उच्च स्तरीय जाँचें भी चल रहीं हैं। यहाँ यह भी संज्ञानित कराना अति आवश्यक है कि श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ को पूर्व में भी प्रबन्ध निदेशक, पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड, मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग, विद्युत भवन, माजरा, देहरादून, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 13.05.2014 के माध्यम से गम्भीर दुराचरण के आरोप में उपमहाप्रबन्धक (वित्त) के पद से सस्पेंड भी किया गया था। **(संलग्नक–13/कुल पृष्ठ–02)**

महोदय श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के उच्च पद के प्रभाव के कारण आज तक प्रार्थिनी द्वारा पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्रों पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गयी है, जिस कारणवश श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा लगातार निरंकुश होकर प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग के साथ उपरोक्तानुसार वर्णित विभिन्न प्रकारों से लगातार षडयन्त्र रचते हुऐ मानसिक उत्पीड़न एवं शोषण कर अन्याय किया जा रहा है। महोदय आपको अवगत कराना चाहती हूँ कि श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के उपरोक्तानुसार वर्णित घृणित कृत्य से प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति की मानहानि एवं मानवाधिकारों का हनन होने के उपरान्त भी न्याय न मिल पाने के कारण प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के पति के मन में दिन में कई बार आत्महत्या जैसे निराशावादी विचारों का आवागमन होता है।

**अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में महोदय से करबद्ध अनुरोध है कि प्रार्थिनी के पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्रों पर न्यायोचित कार्यवाही के क्रम में प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार के शारीरिक/मानसिक एवं मानवाधिकारों के सुरक्षोपाय सुनिश्चित किये जाने हेतु आवश्यक संज्ञान लेने की कृपा करें, साथ ही आपसे यह भी विनम्र अनुरोध है कि यदि उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों के चलते प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार के साथ भविष्य में कोई भी जान की हानि सम्बन्धी अप्रिय घटना घटित होती है तो प्रार्थिनी के इस प्रार्थना पत्र में उल्लेखित प्रत्येक कथन को श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के विरूद्ध प्रमाणिक कथन के रूप में स्वीकार किया जाये एवं प्रार्थिनी की तरफ से इस प्रार्थना पत्र को ही शपथ–पत्र के रूप में स्वीकार करते हुऐ श्री स्वतन्त्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराते हुऐ विधिवत कठोरतम कानूनी कार्यवाही करायी जाये।**

महोदय आपके न्यायप्रिय शासन एवं जनता के प्रति आपकी संवेदनशीलता से प्रभावित होकर आपके कुशल एवं न्यायपूर्ण नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास के साथ प्रार्थिनी द्वारा अपनी समस्त समस्याओं का उपरोक्तानुसार विस्तृत उल्लेख इस प्रार्थना पत्र में किया गया है। प्रार्थिनी को आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास भी है कि आप इस प्रार्थना पत्र में उल्लेखित समस्त तथ्यों को प्राथमिकता पर संज्ञान में लेकर प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार के शारीरिक/मानसिक एवं मानवाधिकारों के सुरक्षोपाय सुनिश्चित किये जाने हेतु यथोचित एवं न्यायोचित कार्यवाही करने की कृपा करते हुऐ प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार को अनुग्रहीत करेंगे।

सादर धन्यवाद।

**दिनांकः—10.10.2025।**

**प्रतिलिपिः—**

1. श्री ए०के०शर्मा जी, मा० नगर विकास एवं ऊर्जा मन्त्री, उत्तर प्रदेश शासन, 14, कालिदास मार्ग, लखनऊ (उ०प्र०), (पिनकोड—226001) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ एवं दिनांक 07.04.2025 को आपके द्वारा संचालित तेज पोर्टल पर आवेदित **(पंजीकरण संख्या UTT/PG/ENE/04/25/00058351)** अपने पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025 के अनुक्रम में पुनः न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
2. मा० अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, 14, अशोक मार्ग, लखनऊ (उ०प्र०), (पिनकोड—226001) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ एवं मा० नगर विकास एवं ऊर्जा मन्त्री, श्री ए०के०शर्मा जी द्वारा संचालित तेज पोर्टल पर प्रार्थिनी के पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025 को पूर्व में दिनांक 15.04.2025 को तेज पोर्टल पर आपके कार्यालय को अग्रसारित किये गये पत्र के अनुक्रम में न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
3. मा० आयुक्त महोदय, मेरठ मण्डल, जिला मेरठ (उ०प्र०), (पिनकोड—250003) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ एवं न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
4. मा० जिलाधिकारी महोदय, जिला मेरठ (उ०प्र०), (पिनकोड—250003) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ एवं न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
5. मा० प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क, मेरठ (उ०प्र०), (पिनकोड—250001) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ एवं अपने पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2025 के अनुक्रम में पुनः न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
6. मा० वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, मेरठ (उ०प्र०), (पिनकोड—250003) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार के प्राणों के सुरक्षोपाय सुनिश्चित किये जाने हेतु एवं न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
7. मा० अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग, मानव अधिकार भवन, टी०सी०—34, वी०—1, इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान के सामने, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०), (पिनकोड—226010) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार के मानवाधिकारों के संरक्षणोपाय सुनिश्चित किये जाने हेतु एवं न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।
8. मा० अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, मानव अधिकार भवन, टी०सी०—34, वी०—1, इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान के सामने, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०), (पिनकोड—226010) को यह प्रार्थना पत्र स्वतः संज्ञानार्थ प्रार्थिनी के शारीरिक/मानसिक एवं मानवाधिकारों के सुरक्षोपाय सुनिश्चित किये जाने हेतु एवं न्याय की प्रत्याशा में प्रेषित।

**संलग्नकः—उपरोक्तानुसार (कुल संलग्नक—13/कुल 32 पृष्ठ)।**


**प्रार्थिनी**

Pooja Garg

**(पूजा गर्ग)**

**पत्नी श्री सिद्धार्थ गर्ग (कार्यकारी सहायक)**

**निवासिनी—मकान नं०—144, ग्रीन हाईट्स कॉलौनी,**

**(ए०टू०जैड०), मोदीपुरम, मेरठ (उ०प्र०)**

**मो०नं०—9358050402**

(1.1)

संलग्नक – 1

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (वि०),
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,
मेरठ क्षेत्र–द्वितीय,
विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

विषयः– दिनांक 02.04.2025 को निदेशक (वित्त), महोदय कार्यालय प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विक्टोरिया पार्क, मेरठ द्वारा अपने कक्ष में बुलाकर अभद्र व्यवहार करने एवं मानसिक रूप से उत्पीड़न करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप स्वयं अवगत ही हैं कि दिनांक 02.04.2025 को आपके मौखिक रूप से एवं निदेशक (वित्त), महोदय, कार्यालय प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विक्टोरिया पार्क, मेरठ के कैम्प कार्यालय से सी०यू०जी० मोबाईल नं०–09193330055 से समय सांय 16:09 बजे प्रार्थी को निदेशक (वित्त), महोदय के कक्ष में तत्काल उपस्थित होने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे।

अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में प्रार्थी दिनांक 02.04.2025 को तत्काल (लगभग 16:15 बजे) निदेशक (वित्त) महोदय के कक्ष में उपस्थित हुआ जहाँ पर निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा अकारण प्रार्थी की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए प्रार्थी पर भृष्टाचार सम्बन्धी मनगढंत, मिथ्या एवं निराधार गम्भीर आरोप अभियोजित किये गये एवं भविष्य में प्रार्थी का विभागीय करियर समाप्त करने की चेतावनी एवं धमकी भी दी गयी साथ ही प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुऐ प्रार्थी के व्यक्तिगत जीवन पर भी कई बार अमर्यादित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी।

सादर संज्ञानित कराना है कि प्रार्थी द्वारा निरन्तर निगम कार्य हित में आवंटित कार्यों का ससमय गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने एवं कार्यालय अभिलेखों की गोपनीयता बनाये रखने के परिप्रेक्ष्य में विभाग द्वारा सौंपे गये दायित्वों एवं उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली में इंगित नियमों के अनुकूल ही कार्य किया जा रहा है। निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा प्रार्थी की सत्यनिष्ठा/प्रतिष्ठा पर इस प्रकार का प्रश्नचिन्ह लगाया जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा अभियोजित मनगढंत, मिथ्या एवं निराधार आक्षेपों एवं अभद्र व्यवहार से प्रार्थी की भावनाऐं आहत एवं व्यथित हुई हैं एवं मानसिक रूप से उत्पीड़न भी हुआ है साथ ही प्रार्थी की ख्याति की भी अपहानि हुई है। उपरोक्त के दृष्टिगत निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा भविष्य में अपने पद का दुरूपयोग करते हुऐ प्रार्थी को किसी भी प्रकार की हानि पहुँचाने की प्रबल सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है, जिस कारणवश प्रार्थी अत्यन्त तनावग्रस्त है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत आपसे करबद्ध अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध में यथोचित एवं न्यायोचित कार्यवाही करने की अनुकम्पा करें, जिससे कि प्रार्थी भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से निगम कार्य हित में आवंटित कार्यों का सुचारू रूप से सम्पादन कर सके।

दिनांकः–03.04.2025

सीमा देवी
3/4/25

कार्यालय मुख्य अभियन्ता * पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि०, मेरठ
डाक प्राप्ति

भवदीय

(सिद्धार्थ गर्ग)
कार्यकारी सहायक
मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ

दूरभाष / Ph. : 0121-2645727
ई-मेल: ce.mrt2@pvvnl.org
meerutzone2nd@gmail.com
mrtzonecommercial@gmail.com

कार्यालय
Office of the
मुख्य अभियन्ता(वितरण)
CHIEF ENGINEER(DISTRIBUTION)
मेरठ क्षेत्र-द्वितीय,
MEERUT ZONE-2,
विक्टोरिया पार्क, मेरठ
Victoria Park, MEERUT-250001
CIN- U31200UP2003SGC027458

(2.1)

पत्रांक: 02 मु०अ०मे०क्षे०-2/प्रा०/पुरा/शिकायत दिनांक: 03 .04.2025

विषयः विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों के मानसिक उत्पीड़न एवं परेशान करने की नीयत से की जा रही शिकायतों के सम्बन्ध में।

संलग्नक-2

निदेशक (वित्त),
प०वि०वि०नि०लि०,
ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क,
मेरठ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय पत्रांक-03/प०वि०वि०नि०लि०/मेरठ, दिनांक 02.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके तहत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, मेरठ में श्री सिद्वार्थ गर्ग (कार्यकारी सहायक) द्वारा विगत 04 वर्षो में सम्पादित की गई निविदाओं की सूचना निर्धारित प्रारूप में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। उपरोक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, मेरठ द्वारा अपने पत्रांक-097/वि०वि०मं०-द्वि०मे०/सा०/ई-4, दिनांक 03.04.2025 (संलग्नक-1) के माध्यम से अवगत कराया गया है कि श्री सिद्वार्थ गर्ग (कार्यकारी सहायक), विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, मेरठ में दिनांक 29.10.2022 से 11.07.2024 तक कार्यरत थे, इस दौरान उनके द्वारा वाणिज्यिक अनुभाग का कार्य देखा गया, निविदा से सम्बन्धित कोई भी कार्य नहीं देखा गया। इस सम्बन्ध में माँगी गई सूचना शून्य समझी जाये।

अग्रेतर अवगत कराना है कि अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मेरठ ने अद्योहस्ताक्षरी को पत्रांक 10430/वि०वि०मं०मे०/तक०, दिनांक 31.03.2025 **(संलग्नक-2)** के माध्यम से अवगत कराया है कि आपके द्वारा उनको फोन करके ई-निविदा सं०-96 (कार्य)/वि०वि०मं०-एमटी०/2024-25, जोकि विद्युत वितरण मण्डल- प्रथम के अन्तर्गत समस्त अधिकारियों के प्रयोगार्थ वाहन उपलब्ध कराने से सम्बन्धित है तथा दिनांक 01.04.2025 से वाहन लगाये जाने है, की एल०ओ०आई० जारी करने हेतु मना किया गया, यह एल०ओ०आई० दिनांक 01.04.2025 से पूर्व की जानी अतिआवश्यक थी, अन्यथा विभाग के अधिकारियों को 01.04.2025 से वाहन उपलब्ध नहीं होते और विभागीय कार्य प्रभावित होता। इसी प्रकार से इस कार्यालय में कार्यरत श्री सिद्वार्थ गर्ग कार्यकारी सहायक ने अवगत **(संलग्नक-3)** कराया है कि आपके द्वारा उन्हें दिनांक 02.04.2025 अपने कार्यालय में बुलाया गया था और उनसे कहा गया कि उनके ऊपर भ्रष्टाचार की बहुत सारी शिकायते हैं, मुझे उन पर जाँच करनी है। विभाग में अब तक कहाँ-कहाँ तैनात रहे हो, इसकी सूचना तुरन्त दो।

आज दिनांक 03.04.2025 को आपके द्वारा अद्योहस्ताक्षरी को 11:37 मिनट पर फोन के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मेरठ द्वारा ई-निविदा सं०-96 (कार्य)/वि०वि०मं०-एमटी०/2024-25 की एल०ओ०आई० जारी करने से मना करने के बावजूद एल०ओ०आई० जारी करने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा मुझे अपने कार्यालय में आने हेतु निर्देशित किया गया। आपके द्वारा फोन पर यह भी कहा गया कि मैसर्स खूशबु ट्रैवल्स, मेरठ ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मेरठ एवं उनके कार्यालय सहायकों एवं श्री सिद्वार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक के विरूद्ध ढेर सी शिकायतें की हैं, जिनकी उन्हें जाँच करनी है। महोदय, उपरोक्त के सन्दर्भ में अनुरोध करना है कि निविदा सम्बन्धित समस्त कार्य ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किये जा रहे है, जोकि स्वतः पूर्णरूप से पारदर्शी हैं, फिर भी जिन निविदाकारों को निविदा की नियम एवं शर्तो को पूरा न करने अथवा उनके द्वारा अधिक रेट कोट करने के कारण निविदा उनके पक्ष में न अवार्ड नही होती है, उनके द्वारा सम्बन्धित कर्मचारियों/अधिकारियों को मानसिक रूप से परेशान/प्रताड़ित करने की नीयत से विभिन्न स्तरों पर बेवजह शिकायतें की जाती हैं। इस प्रकार से विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की मंशा से की जाने वाली शिकायतों पर रोक लगाने हेतु उ०प्र०पा०का०लि०, लखनऊ के पत्रांक-30-ज०श० एवं प्र०सु०-01/पाकालि/2020-14-ज०श०/

08(टी०श०), दिनांक–09.01.2020 (संलग्नक–4) के बिन्दु संख्या–02 के तहत व्यवस्था की गयी है कि विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्व विशिष्ट व्यक्तियों (मा० सांसद/विधायक इत्यादि) के अतिरिक्त अन्य स्रोतों/व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता से इस बारे में एक शपथ–पत्र उपलब्ध कराने तथा शिकायतों की पुष्टि हेतु समुचित साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा जाये और उनके प्राप्त होने के उपरान्त ही आगे की कार्यवाही की जाये, जिससे विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों को बेवजह एवं परेशान करने की नीयत से की जाने वाली शिकायतों पर रोकथाम लग सकें। उपरोक्त के सन्दर्भ में विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त मामलों में प्राथमिक जाँच पड़ताल करने के बाद ही सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को यथोचित निर्देश देने की कृपा करें, जिससे कि अनावश्यक रूप से विभागीय कार्य बाधित न हों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को अनावश्यक मानसिक तनाव का सामना न करना पड़े।

(२.२)

संलग्नकः– यथोपरि (04 नग संलग्नक)।

(यदुनाथ यथार्थ)
मुख्य अभियन्ता(वि०)

पत्रांकः 02 मु०अ०मे०क्षे०–2/वा०/ दिनांकः 03.04.2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, महोदया, प०वि०वि०नि०लि०, मेरठ को सादर अवलोकनार्थ।

(यदुनाथ यथार्थ)
मुख्य अभियन्ता(वि०)

E:AJAY DATA WORKS-2024-25 ALL Letter All letter cae-2 MKT 1.docx

Office of the
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-2
Pallavpuram, Phase-2, Meerut (U.P.)
Pincode-250110

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पल्लवपुरम, फेज–2, मेरठ (उ0प्र0)
पिनकोड–250110

E-mail:- seedc2mrt@gmail.com

(2·3)

पत्रांक- 097 /वि0वि0मं0–द्वि0मे0/सा0/ई–4 दिनाँक 3 APR 2025

विषय– विगत 04 वर्षों की निविदाओं की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

मुख्य अभियन्ता(वितरण),
मेरठ क्षेत्र–द्वितीय,
मेरठ।

संलग्नक–1

कृपया उपरोक्त विषयक आप अपने पत्रांक 04/मु0अ0मे0क्षे0–द्वि0/मे0/मुख्यालय/शिकायत/एम0जैड0–2, दिनांक 02.04.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से निदेशक (वित्त) कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ के पत्रांक 03/पविविनिलि/मेरठ, दिनांक 02.04.2025 के द्वारा इस कार्यालय में तैनात रहे कार्मिक श्री सिद्वार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक द्वारा विगत 04 वर्षो में सम्पादित की गयी निविदाओं की सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

उक्त के आलोक में सादर संज्ञानित कराना हैं कि श्री सिद्वार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक इस कार्यालय में दिनांक 29.10.2022 (अपरान्ह) से 11.07.2024 (पूर्वान्ह) तक कार्यरत रहें उक्त अवधि में इनके द्वारा वाणिज्य अनुभाग से सम्बंधित कार्य का निष्पादन किया गया। अतः निर्धारित प्रारूप की सूचना शून्य समझी जायें।

| Sr.No. | Year | Tender No. | Tender Work Specification | Tender Value | L1 Firm | Total No. of Firm Participated |
|---|---|---|---|---|---|---|
| NIL | | | | | | |

(धर्म विजय)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक:– /वि0वि0मं0–द्वि0मे0/तद् दिनांक:–

प्रतिलिपि निदेशक(वित्त) पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के संदर्भ में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(धर्म विजय)
अधीक्षण अभियन्ता

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0
विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

☎:- 9193300950 (२·५)
MailI.D
Se1.mrt@pvvnl.org
edcmeerut@gmail.com


पत्रांकः-1043O / वि0वि0मं0मे0 / तक0 /　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांकः- 31-03-2025

विषयः—ई—निविदा सं0—96 (विभागीय वाहन किराये पर उपलब्ध कराना )के विरूद्ध LOI जारी करने के सम्बन्ध में।

संलग्नक - 2

मुख्य अभियन्ता (वि0),
मेरठ क्षेत्र—द्वितीय,
मेरठ।

कृप्या अवगत कराना है कि वि0वि0मं0—प्रथम मेरठ के कार्यक्षेत्र में तैनात अधिकारियों के उपयोग हेतु दिनांक 01.04.2025 से वाहन उपलब्ध कराने हेतु इस कार्यालय द्वारा ई—निविदा सं0—96 आमंत्रित की गई थी जिसका Price Bidखोलने पर गणेश कॉन्ट्रेक्टर L-1पायी गई। चूंकि दिनांक 01.04.2025 से नयी फर्म को अधिकारियों के प्रयोगार्थ वाहन उपलब्ध कराना था अतः इस हेतु दिनांक 31.03.2025 तक संबंधित फर्म को LOI जारी करना अति आवश्यक था। दिनांक 01.04.2025 श्री एस0 के0 तोमर, निदेशक (वित्त), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ द्वारा अद्योहस्ताक्षरी को फोन पर निर्देशित किया गया कि मै0 खुशबु ट्रेडर्स द्वारा इस टेण्डर में गडबडी की जाने की शिकायत की गई है। अग्रतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 31.03.2025 को वाहन मिले उसके लिए LOI जारी कर दिया गया है जिससे कि कार्य प्रभावित न हो। जिस पर निदेशक वित्त द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया। अतः उक्त परिस्थितियों में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

(अभिषेक सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

(2·5)

संलग्नक – 3

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (वि०),
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,
मेरठ क्षेत्र–द्वितीय,
विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

विषयः– दिनांक 02.04.2025 को निदेशक (वित्त), महोदय कार्यालय प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विक्टोरिया पार्क, मेरठ द्वारा अपने कक्ष में बुलाकर अभद्र व्यवहार करने एवं मानसिक रूप से उत्पीड़न करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप स्वयं अवगत ही हैं कि दिनांक 02.04.2025 को आपके मौखिक रूप से एवं निदेशक (वित्त), महोदय, कार्यालय प्रबन्ध निदेशक महोदया, पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विक्टोरिया पार्क, मेरठ के कैम्प कार्यालय से सी०यू०जी० मोबाईल नं०–09193330055 से समय सांय 16:09 बजे प्रार्थी को निदेशक (वित्त), महोदय के कक्ष में तत्काल उपस्थित होने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे।

अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में प्रार्थी दिनांक 02.04.2025 को तत्काल (लगभग 16:15 बजे) निदेशक (वित्त) महोदय के कक्ष में उपस्थित हुआ जहाँ पर निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा अकारण प्रार्थी की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए प्रार्थी पर भृष्टाचार सम्बन्धी मनगढंत, मिथ्या एवं निराधार गम्भीर आरोप अभियोजित किये गये एवं भविष्य में प्रार्थी का विभागीय करियर समाप्त करने की चेतावनी एवं धमकी भी दी गयी साथ ही प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुऐ प्रार्थी के व्यक्तिगत जीवन पर भी कई बार अमर्यादित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी।

सादर संज्ञानित कराना है कि प्रार्थी द्वारा निरन्तर निगम कार्य हित में आवंटित कार्यों का ससमय गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने एवं कार्यालय अभिलेखों की गोपनीयता बनाये रखने के परिप्रेक्ष्य में विभाग द्वारा सौंपे गये दायित्वों एवं उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली में इंगित नियमों के अनुकूल ही कार्य किया जा रहा है। निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा प्रार्थी की सत्यनिष्ठा/प्रतिष्ठा पर इस प्रकार का प्रश्नचिन्ह लगाया जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा अभियोजित मनगढंत, मिथ्या एवं निराधार आक्षेपों एवं अभद्र व्यवहार से प्रार्थी की भावनाऐं आहत एवं व्यथित हुई हैं एवं मानसिक रूप से उत्पीड़न भी हुआ है साथ ही प्रार्थी की ख्याति की भी अपहानि हुई है। उपरोक्त के दृष्टिगत निदेशक (वित्त) महोदय द्वारा भविष्य में अपने पद का दुरूपयोग करते हुऐ प्रार्थी को किसी भी प्रकार की हानि पहुँचाने की प्रबल सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है, जिस कारणवश प्रार्थी अत्यन्त तनावग्रस्त है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत आपसे करबद्ध अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध में यथोचित एवं न्यायोचित कार्यवाही करने की अनुकम्पा करें, जिससे कि प्रार्थी भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से निगम कार्य हित में आवंटित कार्यों का सुचारू रूप से सम्पादन कर सके।

दिनांकः–03.04.2025

भवदीय

(सिद्धार्थ गर्ग)
कार्यकारी सहायक
मेरठ क्षेत्र–द्वितीय, मेरठ

(2-6)

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

संख्या-30-जन0शि0 एवं प्र0सु0-01/पाकालि/2020-14-जन0शि0/08(जी0आर0) दिनांक 09.01.2020

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वांचल/मध्यांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल
वि0वि0नि0लि0, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी (केस्को),
वाराणसी/लखनऊ/मेरठ/आगरा/कानपुर।

संलग्नक-5

विषय- विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायती/गुमनामी पत्रों का निस्तारण उ0प्र0 शासन के विभिन्न शासनादेशों में निर्धारित प्रक्रियानुसार किये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-13/1/97-का-1/2012 दिनांक 19.03.2012 (छायाप्रति संलग्न) एवं तत्पश्चात सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-13/1/97-का-1/1997 दिनांक 09.05.1997 द्वारा समूह 'क' तथा सचिव के निर्गत पत्र संख्या-13/1/97-का-1/1997 दिनांक 01.08.1997 द्वारा समूह ख, ग एवं घ श्रेणी के विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायती/शिकायती पत्रों का निस्तारण निम्नवत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है का सन्दर्भ ग्रहण करें:-

1. विशिष्ट व्यक्तियों से प्राप्त शिकायती पत्रों के सम्बन्ध में कार्यवाही आरम्भ करने से पूर्व सम्बन्धित विशिष्ट व्यक्ति को पत्र भेजकर यह पुष्टि करा ली जाय कि पत्र उन्हीं के द्वारा हस्ताक्षरित है और शिकायतों के सम्बन्ध में उनका सन्तोष हो गया है कि शिकायतें तथ्यों पर आधारित हैं।
2. अन्य स्रोतों/व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता से इस बारे में एक शपथ-पत्र उपलब्ध कराने तथा शिकायतों की पुष्टि हेतु समुचित साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा जाये और उनके प्राप्त होने के उपरान्त ही आगे कार्यवाही की जाय।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अपेक्षित है कि विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित/प्राप्त होने वाले समस्त शिकायती पत्रों का निस्तारण उ0प्र0 शासन के उपरोक्त आदेशों के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें।

(एम0 देवराज)
प्रबन्ध निदेशक

संख्या-30(1)-जन0शि0 एवं प्र0सु0-01/पाकालि/2020 तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/आगरा/केस्को, कानपुर।
3. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (जल-विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

Scanned with CamScanner

(एम0 देवराज)
प्रबन्ध निदेशक

(3.1)

संलग्नक-3

सेवा में,

एम० डी० महोदया
प० वि० वि० नि० लि०
ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क,
मेरठ।

विषय:- डायरेक्टर फाइनेन्स श्री एस० के० तोमर द्वारा प्रार्थिनी के पति को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के सम्बन्ध में।

महोदया,

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि०), मेरठ क्षेत्र कार्यालय, मेरठ में माह जुलाई 2024 से कार्यकारी सहायक के पद पर तैनात हैं।

अवगत कराना है कि पिछले 1-2 माह से प्रार्थिनी के पति पर डायरेक्टर फाइनेन्स श्री एस० के० तोमर की घनिष्ठता बता कर कुछ ठेकेदारों द्वारा विभागीय नियमों के विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे मेरे पति अत्यन्त तनाव की स्थिति में हैं। इसी तनाव के रहते दिनांक 12.03.2025 को कार्यालय से घर लौटते समय उनका रोड एक्सीडेंट भी हो गया था। परन्तु ईश्वर की असीम कृपा से उन्हें कोई चोट नहीं आई।

अवगत कराना है कि दिनांक 2.04.2025 को डायरेक्टर फाइनेन्स श्री एस० के० तोमर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रार्थिनी के पति पर निराधार आरोप लगाकर अनावश्यक दबाव बनाते हुए अभद्र व्यवहार किया गया तथा ब्लैकमेल करने के साथ साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया। यह भी अवगत कराना है कि डायरेक्टर साहब द्वारा अपने उच्च पद के प्रभाव से मेरे पति का विभागीय भविष्य खराब करने की धमकी भी दी गयी है। मेरे पति श्री सिद्धार्थ गर्ग द्वारा इस घटना की सूचना लिखित रूप से मुख्य अभियन्ता महोदय को दी गयी है।

महोदया डायरेक्टर साहब के इस घृणित कृत्य से प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी का परिवार सदमे की स्थिति में है और मेरे पति भी स्वाभिमान पर ठेस पहुंचने के कारण उक्त घटना से भी अधिक तनावग्रस्त है। इस परिस्थिति में लगातार मानसिक तनाव के रहते यदि मेरे पति के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी डायरेक्टर कार्मिक श्री एस०के० तोमर की ही होगी।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आपसे हाथ जोड़कर अनुरोध है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी के परिवार को न्याय दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

प्रार्थिनी सदैव आपकी आभारी रहेगी।

दिनांक-04-04-2025

प्रतिलिपि

1. मुख्य अभियन्ता (वित०) मेरठ क्षेत्र-द्वितीय, मेरठ

कार्यालय मुख्य अभियन्ता डाक प्राप्ति पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० मेरठ

कार्यालय प्रबन्ध निदेशक डाक प्राप्ति पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० मेरठ
9/4/25 M.D

प्रार्थिनी
Pooja Garg
(पूजा गर्ग)
पत्नी श्री सिद्धार्थ गर्ग
कार्यकारी सहायक
मेरठ क्षेत्र-द्वितीय मेरठ
मो०-9358050402

(५.१)
संलग्नक-५

A K SHARMA

TEJ | Technologies for Empowerment & Justice




# Grievance Status for Registration Number : UTT/PG/ENE/04/25/00058351

## Grievance Concerns To

| | |
|---|---|
| Application Date / आवेदन तिथि: | 07-04-2025 |
| State / राज्य: | Uttar Pradesh |
| Your Name / आपका नाम: | PUJA GARG |

(५·२)

| | |
|---|---|
| Date of Birth / जन्म तिथि: | 1985-09-23 |
| Email Address / ई-मेल एड्रेस: | poojagarg.2985@gmail.com |
| Mobile Number / मोबाइल नंबर: | 9358050402 |
| Occupation / व्यवसाय: | Others |
| Area / क्षेत्र: | Rural |
| District / जिला: | MEERUT (169) / मेरठ (169) |
| Sub-District / Tehsil (उप-जिला / तहसील): | SARDHANA (732) / सरधना (732) |
| Block / ब्लॉक: | DAURALA (1388) / दौराला (1388) |
| Village / गाँव: | SIWAYA-JAMALULLAPUR (118676) / सिवईया-जमालपुर (118676) |
| Address / पता: | DUPLEX No.-144, GREEN HEIGHTS COLONY, OPPOSITE SVBP AGRICULTURE UNIVERSITY, NH-58, ROORKEE ROAD, MODIPURAM, MEERUT, U.P. (250110) |
| Nature of Interaction / बातचीत की प्रकृति: | Grievance |
| Department / विभाग: | Energy |
| Type Of Complaint / शिकायत का प्रकार : | Others / अन्य |

(५·३)

| | |
|---|---|
| Message / संदेश: | श्री एस०के०तोमर, डायरेक्टर फाईनेन्स, प०वि०वि०नि०लि०, ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क, मेरठ द्वारा प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि०), प०वि०वि०नि०लि०, मेरठ क्षेत्र-द्वितीय, मेरठ के साथ अभद्र व्यवहार, ब्लैकमेलिंग एवं मानसिक उत्पीड़न किये जाने के सम्बन्ध में। |
| Attachment / अनुरक्ति: | qOSKyvsp.pdf, |

## Office Concerns To:

| | |
|---|---|
| Name of Office / कार्यालय का नाम: | A K Sharma's Office / ए. के. शर्मा का कार्यालय |
| Office Address / कार्यालय का पता: | 14, Kalidas Marg, Lucknow, 226001 / १४, कालिदास मार्ग, लखनऊ, २२६००१ |
| Email Address / ई-मेल एड्रेस: | aks4bjp@gmail.com, minister.ude@up.gov.in |
| Phone Number / फ़ोन नंबर: | 0522-2972671, 0522-3517444 / ०५२२-२९७२६७१, ०५२२-३५१७४४४ |
| Status | INPROGRESS |

Close

Copyright © 2024 A. K. Sharma
Designed & Developed by Augmented

(4·4)

(134)

(5·1)

| Application No | Name | Mobile No | Email Address | Nature of Interaction | Status |
|---|---|---|---|---|---|
| UTT/PG/ENE/04/25/00058351 | PUJA GARG | 9358050402 | poojagarg.2985@gmail.com | Grievance | INPROGRESS |

संलग्नक-5

Applicant Information

| Application Date: | Date of Birth: | Occupation: | State: | Area: |
|---|---|---|---|---|
| 2025-04-07 | 1985-09-23 | Others | Uttar Pradesh | Rural |

Geographical Information

| District: | Sub-District/Tehsil: | Block: | Village: | Address: |
|---|---|---|---|---|
| MEERUT (169) | SARDHANA (732) | DAURALA (1388) | SIWAYA-JAMALULLAPUR (118676) | DUPLEX No.-144, GREEN HEIGHTS COLONY, OPPOSITE SVBP AGRICULTURE UNIVERSITY, NH-58, ROORKEE ROAD, MODIPURAM, MEERUT, U.P. (250110) |

Received Through

| Application Received Through: | Department: | Type of Complaint: |
|---|---|---|
| TEJ | Energy | Others |

अध्यक्ष,
UPPCL

2/2
15-04-2025
( गेंदा सिंह )
निजी सचिव
मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास,
नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन,
ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग,
उ० प्र० शासन।

Request Information

**Message**

श्री एस०के०तोमर, डायरेक्टर फाईनेन्स, प०वि०वि०नि०लि०, ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क, मेरठ द्वारा प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग, कार्यकारी सहायक, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि०), प०वि०वि०नि०लि०, मेरठ क्षेत्र-द्वितीय, मेरठ के साथ अभद्र व्यवहार, ब्लैकमेलिंग एवं मानसिक उत्पीड़न किये जाने के सम्बन्ध में।

**Attachment**

...00SKwse.pdf

Scanned with OKEN Scanner

सेवा में,

(5.2)

एम॰डी॰ महोदया
प॰वि॰वि॰नि॰लि॰
ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क,
मेरठ।

विषय:- डायरेक्टर फाइनेन्स श्री एस॰के॰ तोमर द्वारा प्रार्थिनी के पति को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के सम्बन्ध में।

महोदया,

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थिनी के पति श्री सिद्धार्थ गर्ग, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वि॰), मेरठ क्षेत्र-द्वितीय, मेरठ में माह जुलाई 2024 से कार्यकारी सहायक के पद पर तैनात हैं।

